# अभ्यास

## पढ़िए

1. **मानक वर्तनी एवं वाचन ( उच्चारण )**

पोस्टिंग, माईसोमा, मुहम्मद, ग्राउंड, ग्यारहवीं, इंजीनियरिंग, स्पोर्ट्स, नायलॉन, रेलवेज़, मर्तबान, स्पोर्टिंग, ... गर्मजोशी, दायाँ

2. **बताइए**

क. बच्चे जन्मदिन पर क्या उपहार लेना चाहते थे?

ख. खेल के सामान वाली दुकान कहाँ थी?

ग. लेखक को अमीन की दुकान पहचानने में वक्त क्यों लगा?

घ. अमीन का बेटा क्या करता था?

ङ. अमीन को अपने बेटे पर गर्व क्यों था?

3. **सोचिए ( मूल्यपरक प्रश्न )**

क. मनुष्य को हालात के आगे घुटने क्यों टेकने पड़ते हैं? उदाहरण देते हुए अपने विचार व्यक्त कीजि...

ख. खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए क्या करना चाहिए? कुछ सुझाव दीजिए।

## लिखिए

1. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर छाँटिए और लिखिए—**

अब अमीन हमारा सारा सामान पैक कर रहा था। मैंने वक्त गुज़ारने के लिए पूछा, "मैंने तो सुना था ... बंगाल की किसी टीम में चले गए हैं?" "हाँ, दो-तीन साल मैं क्लब में भी खेला। एक प्राइवेट फ़र्म ... नौकरी भी मिल गई। मैं सिर्फ़ फ़र्म की टीम में खेलता था, और कुछ न करता था। फिर हमेशा की तरह ... लड़के नए ज़ोर-शोर के साथ पुराने खिलाड़ियों को पीछे धकेलते हुए आगे आ जाते हैं। अब हम पुराने ... गए। खेल गया, नौकरी गई, पैसे गए, शोहरत भी चली गई..." वह बोलते-बोलते उदास हो गया। फिर कह... लगा, "शुक्र है यह बुज़ुर्गों की पुरानी दुकान थी तो गुज़ारा भर हो जाता है।"

क. अमीन क्या सामान पैक कर रहा था?

i. टॉफ़ी, चॉकलेट आदि ☐ ii. फुटबॉल, नेट आदि ☐ iii. क्रिकेट के बैट-बॉल आदि ☐ iv. कॉपी, पेंसिल आदि ☐

ख. यह वार्तालाप किनके बीच हो रहा है?

i. लेखक और अमीन ☐ ii. अमीन और बच्चे ☐ iii. लेखक और बच्चे ☐ iv. लेखक और मदन ☐

ग. अमीन क्लब में कितने साल खेला?

i. एक-दो साल ☐ ii. दो-तीन साल ☐ iii. तीन-चार साल ☐ iv. चार-पाँच साल ☐

नायलॉन, रेलवेज़, मर्तबान, स्पोर्टिंग, स्ट्राइक CG-5.3

देते हुए अपने विचार व्यक्त कीजिए। CG-2.3
ए? कुछ सुझाव दीजिए।

के लिए पूछा, ''मैंने तो सुना था आप
ब में भी खेला। एक प्राइवेट फ़र्म में
करता था। फिर हमेशा की तरह नए
आगे आ जाते हैं। अब हम पुराने हो
ते-बोलते उदास हो गया। फिर कहने
है।''

क बैट-बॉल आदि
सिल आदि
र बच्चे
र मदन
ाल iv. चार-पाँच साल

---

घ. नए लड़कों के आने का पुराने खिलाड़ियों पर क्या असर हुआ?

खेलने के अवसर कम हो गए।

ङ. वर्तमान में अमीन की क्या स्थिति थी?

फुटबॉल की दुकान पर बैठकर सामान बेचता था।

2. **संक्षेप में उत्तर लिखिए—**

क. स्कूल के दिनों में लेखक कौन-सी टीम के लिए क्या खेलता था?

ख. अमीन के गोल करने पर क्या होता था?

ग. 'अब तो फुटबॉल को किक लगाए भी पता नहीं कितने बरस बीत गए।' लेखक ने ऐसा क्यों कहा? Test

घ. अमीन क्या-क्या बेचता था और क्यों? Test

ङ. लेखक ने फुटबॉलर अमीन और दुकानदार अमीन में क्या अंतर महसूस किया? Test

3. **विस्तार से उत्तर लिखिए—**

क. अमीन कौन था? जब वह गेंद के पीछे भागता था तो क्या होता था? Test

ख. दुकान पर बैठे अमीन और उसकी दुकान का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

ग. चलते समय अमीन ने लेखक को क्या दिया? क्यों?

घ. अमीन ने ऐसा क्यों कहा, ''आजकल फुटबॉल कोई छोटा खेल नहीं है साहेब?''

**आशय स्पष्ट कीजिए—** CG-2.3

क. वक्त भी आदमी को इतना नहीं बदल सकता।

ख. खेल गया, नौकरी गई, पैसे गए, शोहरत भी चली गई।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **विलोम लिखिए—** CG-5.3

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पुराना | × | नया | बचपन | × | बुढ़ापा | पिछला | × | अगला |
| हँसना | × | रोना | दोस्त | × | दुश्मन | सफ़ेद | × | काला |
| आधा | × | पूरा | भीतर | × | बाहर | सच | × | झूठ |

2. **सही कारक-चिह्न भरकर वाक्य पूरे कीजिए। कारक का नाम भी लिखिए—** CG-3.1

क. एक कोने में कई बैट दीवार के सहारे टिके हुए थे। ..........

ख. मैंने दुकान की सीढ़ियों पर कदम बढ़ाए। ..........

ग. तुम्हें अपने जन्मदिन पर क्या चाहिए? ..........

घ. अरे! यह क्या कर रहे हैं आप? आप तो मुझसे बड़े हैं। ..........